देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 127 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**सोना ऐतिहासिक ऊंचाई पर



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 18 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

38040.57

2 मोदी की चेतावनी से टेंशन में चीन

7 धोनी जब तक चाहें खेल सकते है

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने मलयालम माह चिंगम पर दी लोगों को शुभकामनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मलयालम माह चिंगम की शुरुआत के मौके पर लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी। मोदी ने अंग्रेजी और मलयालम दोनों भाषाओं में ट्वीट कर कहा, ''चिंगम माह के शुरू होने के अवसर पर सभी को, खासकर मेरे मलयाली भाई–बहनों को ढेर सारी शुभकामनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आने वाला साल सभी के लिए सफलता, अच्छी सेहत और समृद्धि लेकर आए।'' मलयालम कैलेंडर के पहले महीने का नाम चिंगम है। इसी महीने में थिरुवोणम नक्षत्र के दिन ओणम पर्व मनाया जाता है।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत अब भी नाजुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत अब भी नाजुक बनी हुयी है और वह जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। सेना के 'रिसर्च एंड रेफरल' अस्पताल सोमवार को यह जानकारी दी। मुखर्जी का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि उन पर नजदीक से निगाह रखी जा रही है। मुखर्जी (84) को 10 अगस्त को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी। तभी से वह कोमा में हैं और उनकी हालत गंभीर है। कोविड–19 जांच में उनके संक्रमित होने की भी पुष्टि हुई थी।

### देश में कोविड–19 के मामले बढ़कर 26.47 लाख हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोविड–19 के एक दिन में 57,981 नए मामले सामने आने के बाद सोमवार को कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 26,47,663 हो गई। वहीं, संक्रमण से 941 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 50 हजार को पार कर गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 19,19,842 लोग अब तक संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं, जिससे देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वाले मरीजों की दर 72.51 प्रतिशत हो गई है।

# कश्मीर में शहादत का 'बदला'

## बारामुला में सीआरपीएफ-पुलिस नाका पार्टी पर हमला करने वाले दो आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के जिला बारामुला के क्रेरी इलाके में सीआरपीएफ और पुलिस नाका पार्टी पर हमला करने वाले आतंकवादियों के साथ जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। अभी भी आतंकवादी के इलाके में छिपे होने की सूचना है। बीते चार दिनों में कश्मीर में यह सुरक्षाबलों पर दूसरा हमला है।

आइजी कश्मीर विजय कुमार ने दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर–ए–तैयबा से हैं। इसमें लश्कर–ए–तैयबा का टॉप कमांडर सज्जाद उर्फ हैदर भी मारा गया है। आईजी विजय कुमार ने कहा कि सज्जाद का मारा जाना सुरक्षा बलों और पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। हालांकि

### हमले में 3 सुरक्षाकर्मी भी शहीद

सीआरपीएफ–पुलिस की नाका पार्टी पर हमला तीन आतंकवादियों ने किया था। ये नाके से साथ स्थित बाग में छिपे हुए थे। इस हमले में जम्मू–कश्मीर पुलिस का एसपीओ व सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए।

उत्तरी कश्मीर के जिला बारामुला के क्रेरी इलाके में आतंकवादियों ने सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस के जवानों द्वारा लगाए गए संयुक्त नाके पर घात लगाकर हमला किया था। आतंकवादियों द्वारा नाका पार्टी पर अचानक से की गई गोलीबारी में जम्मू–कश्मीर पुलिस का एसपीओ शहीद मुजफ्फर अहमद जबकि सीआरपीएफ 119 बटालियन के दो जवान लोकेश शर्मा और खुर्शीद खान शहीद हो गए। वहीं गोलीबारी करते हुए आतंकवादी मौके से फरार होने में सफल रहे। वहीं इस घटना के तुरंत बाद सेना, पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने इलाके की घेराबंदी करते हुए सर्च ऑपरेशन चलाया है। फिलहाल अभी तक किसी आतंकी मुठभेड़ की सूचना नहीं है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बारामुला जिले के क्रेरी क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ की 119 बटालियन और पुलिस की एक संयुक्त नाका पार्टी पर आज सुबह कुछ आतंकवादियों ने अचानक से हमला बोल दिया। घात लगाकर नाका पार्टी पर किए गए इस हमले में 3 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें जम्मू–कश्मीर का एक एसपीओ और सीआरपीएफ के दो जवान शामिल थे। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने एसपीओ मुजफ्फर अहमद को मृत लाया घोषित किया जबकि सीआरपीएफ के अन्य दो जवानों लोकेश शर्मा और खुर्शीद खान ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा से



आइजी कश्मीर विजय कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार सुबह बारामुला में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में जम्मू–कश्मीर पुलिस का एक एसपीओ और सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि ये आतंकवादी नाका पार्टी के नजदीक ही छिपे हुए थे। मौका पाकर उन्होंने अचानक से उस पर गोलियां बरसाना शुरू कर दी। इससे पहले की सुरक्षाकर्मी संभलते और अपनी पोजीशन लेते आतंकवादी गोलियां बरसाते हुए मौके से फरार हो गए।

### रिमोट एरिया में नाके कम, इसलिए भाग रहे आतंकी

आइजी ने बताया कि चेकपोस्ट पर फायरिंग करने के बाद तीन आतंकियों को फरार होते हुए देखा गया। इस हमले में पुलिस के 1 और सीआरपीएफ के 2 जवान शहीद हो गए। कश्मीर जोन आईजी ने माना कि रिमोट एरिया में नाके की संख्या कम है, इस वजह से आतंकी आसानी से फरार हो जा रहे हैं। आईजी ने कहा कि जल्द ही इस पर काम किया जाएगा।

# भारत और नेपाल में अहम बातचीत

## दोनों देशों के द्विपक्षीय प्रॉजेक्ट्स पर की गई चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल और भारत के बीच ओवरसाइट मकैनिज्म की आठवीं बैठक सोमवार को काठमांडू में वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। दोनों देशों के बीच पैदा हुआ सीमा विवाद के बाद यह पहली बैठक थी। खास बात यह रही कि इस बैठक में रामायण सर्किट पर भी चर्चा हुई। दरअसल, पिछले काफी वक्त से भगवान राम के जन्मस्थान को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली दावा करते आए हैं कि असली अयोध्या नेपाल में है। यहां तक कि उन्होंने नेपाल के माडी में राम मंदिर का प्लान बनाने तक के निर्देश दे दिए हैं।

**राम के जन्मस्थान को लेकर विवादः** नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने भगवान के असली जन्मस्थान के नेपाल में होने का दावा कई बार किया है। यहां तक कि उन्होंने माडी में राम मंदिर बनाने और अयोध्यापुरी के तौर पर विकसित कर धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने का निर्देश भी दे रखा है। माना जाता रहा है कि सीता का जन्म नेपाल स्थित जनकपुरी में हुआ था लेकिन अब ओली का दावा है कि राम का जन्म भारत नहीं, नेपाल की अयोध्या में हुआ था।

**रुकावटें दूर करने पर सहमति** इस बैठक के दौरान दोनों देशों ने इन प्रॉजेक्ट्स को तेजी से पूरा करने की जरूरत बताई और इसके लिए जरूरी कदम उठाने पर सहमति जताई गई। इनमें तराई इलाकों में सड़कें, सीमावर्ती इलाकों में रेल सेवा, अरुण–III हाइड्रोपावर प्रॉजेक्टस पेट्रोलियम पाइपलाइन, पंचेश्वर मल्टिपर्पज प्रॉजेक्ट, भूकंप के बाद निर्माणकार्य, सिंचाई, पावर ट्रांसमिशन लाइन, नेपाल पुलिस अकैडमी, एकीकृत चेकपोस्ट, HICDP, महाकाली नदी पर मोटरेबल पुल, कृषि और सांस्कृतिक धरोहरों पर चर्चा की गई।

### रामायण सर्किट पर चर्चा

दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता की अध्यक्षता नेपाल के विदेश सचिव शंकर दास बैरागी और नेपाल में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने की। मीटिंग में द्विपक्षीय सहयोग के प्रॉजेक्ट्स की समीक्षा की गई। इस दौरान दोनों देशों के बीच जारी प्रॉजेक्ट्स को लागू करने पर चर्चा की गई। इस दौरान रामायण सर्किट पर चर्चा की गई। इसके तहत दोनों देशों में रामायण से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों को विकसित किया जाना है। इसके तहत नेपाल के जनकपुर और भारत में अयोध्या के बीच बस सेवा भी चली है।

# प्रवर्तन निदेशालय ने चार्ली पैंग पर किया केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 1000 करोड़ रुपये के हवाला रैकेट के मामले में गिरफ्तार किए गए चीनी संदिग्ध लुओ सांग उर्फ चाली पैंग के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। इस केस में चार्ली पैंग समेत अन्य पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट की धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। भारतीय एजेंसियों मे चार्ली पैंग को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की थी और इसके आधार पर कई महत्वपूर्ण खुलासे भी किए थे।

एजेंसियों का कहना है कि गिरफ्तार चीनी नागरिक लुओ सांग के मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। भारत में 'चार्ली पेंग' के फर्जी नाम से रह रहा सांग दरअसल यहां चीन के लिए जासूसी कर रहा था। वह दिल्ली समेत देश के अलग–अलग हिस्सों में निर्वासित तिब्बतियों से घुल–मिलकर और उनके ठौर–ठिकानों का पता लगा रहा था और इसकी जानकारी चीन की खुफिया एजेंसी 'एमएसएस' यानी मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी को भेज रहा था।

**लू सांग के पास था फर्जी पासपोर्ट**
चीनी संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे एक हवाला रैकेट की जांच में आयकर अधिकारियों ने पाया है कि एक संदिग्ध व्यक्ति लू सांग ने अपनी पहचान बदलकर चार्ली पैंग कर ली थी, जो कि एक भारतीय नागरिक था। उसके पास भारतीय पासपोर्ट और यहां तक कि आधार कार्ड भी था। उसके पास से मणिपुर से जारी किया गया पासपोर्ट मिला है।

### शिकंजा

**दलाई लामा की जासूसी की साजिश**

सांग अपने जासूसी के सीक्रेट ऑपरेशन का ट्रांजिट कैंप दिल्ली के मजनूं का टीला में बनाया हुआ था। वह कई लामाओं को रिश्वत देकर तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा और उनके सहयोगियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने में जुटा था। डै इस काम के लिए उसे हवाला से पैसे भेज रही थी।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# क्यों निशाने पर आ गए हैं आमिर खान ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तुर्की के साथ भारत के तल्ख होते रिश्तों की आंच ने बॉलिवुड ऐक्टर आमिर खान को लपेटे में ले लिया है। बॉलिवुड के इस दिग्गज अभिनेता ने तुर्की की फर्स्ट लेडी से मुलाकात की जिसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। तुर्की के राष्ट्रपति रेजप तयिप एर्दोआं की पत्नी एमिने एर्दोआं ने आमिर खान के साथ मुलाकात की तस्वीरें ट्वीट की जिसके बाद आमिर खान भारत में एक वर्ग के निशाने पर आ गए।

### राजधानी इस्तांबुल में तुर्की की पहली महिला से मुलाकात की

बहरहाल, तुर्की के राष्ट्रपति की पत्नी से आमिर खान की मुलाकात को उनके पहले के बयान से जोड़ते हुए उन्हें देशविरोधी ठहराया जा रहा है। आमिर ने नवंबर 2015 में कहा था कि उनकी पत्नी किरण राव ने देश में बढ़ती असहिष्णुता की भावना से डरी हुई हैं।

इस बयान पर भी खूब बवाल मचा था। अब जब आमिर अपनी शफिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग के लिए तुर्की गए तो एक और विवाद पैदा हो गया है।